दिनांक:- 09.02.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## सडक सुरक्षा-जीवन रक्षा... यातायात नियमों के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्यवाही

### यातायात पुलिस द्वारा बांटे गये जागरूकता पम्पलेट्स तथा सभी को यातायात नियमों के पालन की दिलायी गयी शपथ

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर तथा क्षेत्राधिकारी यातायात श्री कालू सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात महोबा अरविन्द मिश्रा द्वारा मय टीम तथा प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री शिवआसरे मय हमराही कर्मचारियों के साथ आज दिनांक 09.02.2021 को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम के क्रम में टोल प्लाजा खन्ना पर पी०एन०सी० के साथ यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें चालकों को यातायात/कोविड-19 के बारे में जागरूक किया गया।

जागरुक करते हुये कहा गया कि ट्रैफिक के सामान्य नियमों के पालन से बडी संख्या में दुर्घटनाओं को रोंका जा सकता है। अधिकतर दुर्घटनाओं का कारण असावधानी अथवा मानवीय भूल होती है। इसी क्रम में कहा कि नशे में ड्राइविंग, वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल, ओवर स्पीड, सीट बेल्ट न पहनना जैसी छोटी गलतियां दुर्घटना का सबब बनती हैं। यातायात पुलिस सडक सुरक्षा को लेकर पूरी गम्भीरता के साथ कार्य कर रही है जिसमें यातायात टीम द्वारा लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलायी जा रही है।









## “मिशन शक्ति” अभियान- उत्पीडन के खिलाफ चुप्पी तोडो-खुलकर बोलो...।

### थाने में महिला पुलिस अधिकारी सुनेंगी आपकी समस्या - साइबर अपराध से बचाव में व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रखने की बतायी गयी बात

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपद में संचालित हो रहे **“मिशन शक्ति”** महाभियान कार्यक्रम के तहत नोडल अधिकारी मिशन शक्ति निरीक्षक श्रीमती रचना सिंह व टीम के द्वारा आज दिनाँक 09.02.2021 को राजकीय बालिका हाईस्कूल महुआबांध थाना-अजनर में जाकर मिशनशक्ति जागरुकता अभियान के तहत स्कूली छात्राओं को नारी अधिकारों के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से मिशनशक्ति टीम मिशन शक्ति टीम द्वारा उनके हक एवं अधिकार के प्रति जागरुक किया गया तथा मिशन शक्ति जागरुकता पम्पलेट्स वितरित किये गये।

जागरुक करते हुये नारा दिया चुप्पी तोडो खुलकर बोलो टीम ने इसका अर्थ बताते हुये कहा कि अब जरुरी है कि प्रत्येक महिला को चुप्पी तोडनी होगी और अपनी समस्या पर खुलकर बोलना होगा तभी महिलाओं के खिलाफ अपराध को कम किया जा सकता है। मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तिकरण के लिये प्रत्येक थाने में महिला हेल्प डेस्क का संचालन किया जा रहा है जहां पर 24 घण्टे महिला पुलिस अधिकारी नियुक्त की गयीं है जो आपकी समस्या को गम्भीरता से सुनेंगी और उसका समाधान करवायेंगी।

इसी क्रम में उपस्थित छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति जागरुक करते हुये कहा गया कि अनजान व्यक्ति के साथ सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, व्हाट्एप के माध्यम से कभी भी किसी को कोई व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें हमेशा सचेत रहें।











## महोबा पुलिस द्वारा पैदल गस्त करके की गई संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग



आज दिनाँक 09.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा क्षेत्र के मुख्य बाजार/बस-स्टैण्ड, होटल, ढाबा, मुख्य बाजार,धार्मिक-स्थलों आदि की संघन चेकिंग की गई। इसके साथ ही बार्डर के थानों द्वारा बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की भी सघन चेकिंग की गई। **कोविड-19** का पालन कराये जाने तथा यातायात नियमो का उल्लंघन करने पर **02 वाहन चालको से 200/-रु0 शमन शुल्क व 45 ई-चालान किये गये।**







दिनांकः- 09.02.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन, प्रयागराज द्वारा जनपद के राजपत्रित अधिकारियों के साथ की गई समीक्षा गोष्ठी

आज दिनाँक 09.02.2021 को अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन, प्रयागराज श्री प्रेम प्रकाश महोदय द्वारा जनपद के 02 दिवसीय भ्रमण/निरीक्षण कार्यक्रम के तहत चरखारी रोड़ स्थित बिरमा भवन में पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव सहित जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी की गई । गोष्ठी में अपर पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा आगामी पंचायत-चुनाव की तैयारियों एवं कई महत्वपूर्ण विषयों के सम्बन्ध में वार्ता की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किये गये । साथ ही जनपद के शातिर/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । जनपद की कानून-व्यवस्था/पैदल गस्त के दौरान सघन चेकिंग एवं रात्रि में प्रभावी गस्त/पेट्रोलिंग करने के भी निर्देश दिये गये । अधिक से अधिक अपराधियों को मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी करके सजा दिलाये जाने पर महोबा पुलिस की तारीफ की गई ।

